
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 49 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...हर कदम पर साथ



# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 22 मई 2022



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 22.0°

40243.38

2 अब नहीं कर सकते दूसरी शादी

7 कोहली का क्रिकेट से ब्रेक लेने का इशारा

# आठ लाख लोग चार धाम के कर चुके दर्शन

**संवाददाता**

देहरादून। अभी तक आठ लाख लोग चार धाम के दर्शन कर चुके है। लाखों लोगों ने दर्शन हेतु चारधामों के लिए ऑनलाइन ऑफलाइन अपना रजिस्ट्रेशन करा दिया है अभी तक मई माह तक रजिस्ट्रेशन के स्लॉट पूरे हो गये है। 22 मई से श्री हेमकुंट साहिब एवं लोकपाल तीर्थ के कपाट खुल रहे है। सभी तीर्थों में व्यवस्थायें अनुकूल रहे इसके लिए तीर्थयात्रियों की संख्या सरकार ने निर्धारित की हुई है।

विगत 19 मई को प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) गुरमीत सिंह एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचप्यारों के साथ श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को ऋषिकेश से श्री हेमकुंट साहिब के लिए रवाना कर दिया।

20 मई को पहला जत्था गुरूद्वारा गोविंद घाट पहुंचा। आज जत्था हेमकुंट के लिए प्रस्थान होकर घांघरिया पहुंच रहा है।

## सरकार तीर्थयात्रियों की सहायता हेतु तत्पर होकर कार्यकर रहीः मुख्यमंत्री



### सभी तीर्थ यात्री सकुशल तीर्थयात्रा करें

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सभी तीर्थ यात्री सकुशल तीर्थयात्रा करें यह उनकी प्राथमिकता में है। विगत दिनों कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत को श्री केदारनाथ यात्रा तथा कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल को बदरीनाथ धाम यात्रा हेतु यात्रा पर्यवेक्षण का प्रभार दिया गया ताकि तीर्थयात्रियों को किसी भी स्तर पर दिक्कत न हो।

पर्यटन-तीर्थाटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि श्रद्धालु बड़ी संख्या में देवभूमि उत्तराखंड पहुंच रहे है। सरकार का प्रयास है की श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि मंदिर समिति द्वारा तीर्थयात्रियों को धामों में सरलता- सुगमता से दर्शन हो इसके लिए समिति ने अपने स्तर पर प्रयास किये है। धर्मस्व-तीर्थाटन सचिव हरिचंद सेमवाल ने कहा कि सरकार द्वारा तीर्थयात्रियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण के आदेश दिये गये है।

पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर के निर्देशन में उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद द्वारा निरंतर आन लाईन एवं आफ लाईन रजिस्ट्रेशन काउंटरों की मॉनिटरिंग की जा रही है। गढ़वाल आयुक्त सुशील कुमार के निर्देश पर चारधाम यात्रा प्रशासन संगठन ने ऋषिकेश बस अड्डे पर यात्री हेल्प डेस्क यात्रियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

सभी जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों, मंदिर समितियों द्वारा संबंधित धामों राज्य चिकित्सा विभाग सहित सभी विभागों के आपसी तालमेल से चारधाम यात्रा संचालित हो रही है। किसी भी आपात स्थिति में एनडीआरएफ सहित हेली एंबुलेंस की भी सुविधायें दी जा रही है। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ द्वारा 20 मई रात्रि तक के चारधाम दर्शन हेतु पहुंचे यात्रियों के आंकड़े जारी किये हैं बताया कि अभी तक आठ लाख तीर्थयात्री चारधाम पहुंच गये है।

### दर्शनार्थियों/तीर्थयात्रियों की संख्या

1. श्री बदरीनाथ धाम कपाट खुलने की तिथि 8 मई से 20 मई शाम तक 240064
2. श्री केदारनाथ धाम कपाट खुलने की तिथि 6 मई से 20 मई शायं तक 269169
3. श्री गंगोत्री धाम कपाट खुलने की तिथि 3 मई से 20 मई तक 149856
4. श्री यमुनोत्री धाम कपाट खुलने की तिथि 3 मई से 20 मई तक 116753
5. 20 मई तक श्री बदरीनाथ-केदार पहुंचने वाले कुल तीर्थयात्रियों की संख्या का योग- 509233
6. मई तक श्री गंगोत्री-यमुनोत्री पहुंचे तीर्थ यात्रियों की संख्या 266609।

आंकड़े श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति/पुलिस- प्रशासन आपदा प्रबंधन के सहयोग से जारी किये जा गये है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुवाहाटी और सिलचर के बीच शुरू की आपातकालीन उड़ान सेवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। असम में बाढ़ के चहले हालात खराब हो गए हैं। बाढ़ के कारण परिवहन संपर्क बाधित है इसलिए उड़ान योजना के तहत गुवाहाटी और सिलचर के बीच एक आपातकालीन उड़ान सेवा शुरू की गई है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि इस उड़ान सेवा में टिकट की लागत 3,000 रुपये प्रति सीट होगी।

### एसडीएम सदर ने किया तहसील कार्यालय का निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार द्वारा जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों को अपने अधीनस्थों सहित निर्धारित समय अनुसार कार्यालय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त के क्रम में आज उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार द्वारा तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

# महंगाई पर मोदी सरकार का बड़ा वार

## पेट्रोल साढ़े 9 तो डीजल 7 रुपये प्रति लीटर हुआ सस्ता

प्रति गैस सिलेंडर 200 रुपये की सब्सिडी, एलपीजी पर भी राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महंगे पेट्रोल-डीजल से परेशान जनता के लिए एक अच्छी खबर है। मोदी सरकार ने उत्पाद शुल्क में बड़ी कटौती करने का फैसला किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खुद ट्वीट करते हुए कहा है कि पेट्रोल पर उत्पाद शुलक में 8 रुपये की कटौती की जाएगी और डीजल पर 7 रुपये उत्पाद शुल्क घटाया जाएगा।

मोदी सरकार के इस फैसले के बाद अब पेट्रोल 9.5 रुपये सस्ता हो जाएगा। वहीं डीजल भी 7 रुपये सस्ता हो जाएगा। सरकार के इस फैसले से सरकारी खजाने पर करीब 1 लाख करोड़ रुपये सालाना का बोझ पड़ेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी राज्य सरकारों से अपील की है कि वह भी वैट में कटौती करें और जनता को राहत दें। उन्होंने खासतौर पर उन राज्यों को दाम घटाने के लिए कहा है जिन्होंने नवंबर 2021 में वैट में कटौती नहीं की थी।

इतना ही नहीं, मोदी सरकार ने इस साल पीएम उज्ज्वला योजना के करीब 9 करोड़ लाभार्थियों को गैस सब्सिडी देने का भी फैसला किया है। सरकार ने कहा है कि वह प्रति गैस सिलेंडर 200 रुपये की सब्सिडी देगी। निर्मला सीतारमण ने ट्वीट में लिखा है कि इससे माताओं-बहनों को बहुत मदद मिलेगी। इससे सरकार पर सालाना करीब 6100 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि सीमेंट की उपलब्धता को बेहतर करने के लिए मानक अमल में लाए जा रहे हैं और सीमेंट की कीमत कम करन के लिए बेहतर लॉजिस्टिक्स का सहारा लिया जा रहा है।

### प्लास्टिक उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी भी घटाई



सीतारमण ने कहा कि हम उन प्लास्टिक उत्पादों के लिए कच्चे माल और बिचौलियों पर भी कस्टम ड्यूटी कम कर रहे हैं जहां हमारी आयात निर्भरता ज्यादा है। स्टील के कुछ कच्चे माल पर भी आयात शुल्क को घटाया जाएगा। कुछ स्टील उत्पादों पर निर्यात शुल्क लगाया जाएगा।

# बारिश के साथ ही ओलावृष्टि और बिजली गिरने की संभावना

**संवाददाता**

देहरादून। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता और बंगाल की खाड़ी से आ रहीं नम हवाओं के साथ ही पंजाब और पाकिस्तान के कुछ क्षेत्रों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन का प्रभाव मौसम पर देखने को मिलेगा। मैदान से पहाड़ तक अगले चार दिनों तक उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ समेत राज्य के सभी जिलों में जोरदार बारिश के साथ ही ओलावृष्टि और बिजली गिरने की संभावना है।

मौसम विभाग ने मौसम बिगड़ने के अंदेशे के चलते 21 और 22 मई के लिए येलो अलर्ट जारी किया, जबकि 23 और 24 मई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही बारिश के साथ पर्वतीय इलाकों में ओलावृष्टि व बिजली गिरने के साथ ही 60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं।

वहीं, मैदानी इलाकों में 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह के मुताबिक, शनिवार से लेकर अगले चार दिनों तक मैदान से लेकर पहाड़ तक तेज हवाओं के साथ बारिश के आसार है। कुछ इलाकों में 60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। राज्य के मैदानी और पर्वतीय इलाकों में बारिश के साथ ही बिजली गिरने की संभावनाओं के मद्देनजर एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी में कहा गया कि आंधी व बारिश से पेड़ों और कच्चे मकानों के भी गिरने की संभावना है। बारिश के चलते नदियों में बाढ़ आने की संभावना है।

### अलर्ट

- 23 और 24 मई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी



Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# बदल गई है विदेश सेवा, यह अहंकार नहीं आत्मविश्वास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### राहुल गांधी को विदेशमंत्री जयशंकर का तीखा जवाब

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अज्ञात यूरोपीय नौकरशाहों के हवाले से भारतीय विदेश सेवा को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी के संबंध में शनिवार को उन पर तीखा हमला किया। गांधी ने कुछ यूरोपीय नौकरशाहों की टिप्पणी का हवाला दिया था कि 'भारतीय विदेश सेवा बदल गई है और अहंकारी हो गई है।'

कांग्रेस नेता की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए जयशंकर ने ट्वीट किया कि भारतीय विदेश सेवा में बदलाव आत्मविश्वास का प्रतिबिंब है। विदेश मंत्री ने कहा, 'हां, भारतीय विदेश सेवा बदल गई है। वे सरकार के आदेशों का पालन करते हैं। वे दूसरों के तर्कों का विरोध करते हैं।' जयशंकर ने कहा, 'इसे अहंकार नहीं कहा जा सकता। यह आत्मविश्वास है। इसे राष्ट्र हित की रक्षा करना कहते हैं।'

लंदन में 'आइडियाज फॉर इंडिया' सम्मेलन में गांधी ने ने कहा, 'मैंने यूरोप के कुछ नौकरशाहों से बात की, वे कह रहे थे कि भारतीय विदेश सेवा पूरी तरह बदल गई है, वे कुछ नहीं सुनते।